हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



## खबर संक्षेप



### सत्ता बेपरवाह- पानी के लिए आम जनता लड़ रही जंग : आप

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में उत्पन्न पेयजल संकट ने आम नागरिकों का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर के अनेक क्षेत्रों सहित पंचायत एवं गांव सहित कई इलाकों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर हैं। शहर के अनेक इलाकों में लगातार जल स्तर गिर रहा है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हर साल गर्मियों में पीने के पानी का संकट और हर बरसात में जलभराव की समस्या सामने आती है, लेकिन सरकार इन समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने के बजाय उन्हें छुपाने और समय बिताने की नीति अपनाती रही है। यही इनका तथाकथित "विकास मॉडल" है। स्थिति की गंभीरता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि जिन क्षेत्रों में पानी पहुंच भी रहा है, वहां मटमैला और अस्वच्छ पानी लोगों को पीने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### 13 मई को कार्यशाला

**महासमुंद।** स्टार्टअप योजना के अंतर्गत डीपीआईआईटी एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में तेजस कार्यशाला का आयोजन 13 मई को होगा। कार्यक्रम में स्टार्टअप विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योजनाओं, पंजीयन प्रक्रिया, वित्तीय सहायता, नवाचार एवं उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी।

### ढाबा में हुई जांच

**महासमुंद।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई एवं खाद्य निरीक्षक पिथौरा दिव्यांशु देवांगन द्वारा आज फर्म मेसर्स अवतार ढाबा, एन.एच.-53, टप्पा सेवईया, पिथौरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म में कार्यरत कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र एवं जल परीक्षण रिपोर्ट का संधारण नहीं पाया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि फर्म द्वारा बिना खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालित किया जा रहा था। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर फर्म संचालक को बिना खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन के खाद्य कारोबार नहीं करने हेतु नोटिस जारी किया गया है। साथ ही प्राप्त शिकायत के आधार पर ढाबे से खाद्य पदार्थ ग्रेवी (खुला) का विधिक नमूना संकलित कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर भेजा जा रहा है। नमूने की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रिवरडेल स्पोर्ट्स एरिना का भव्य शुभारंभ, शहरवासियों के लिए समर्पित आधुनिक खेल सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के प्रतिष्ठित संस्थान रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में 10 मई, 2026 (रविवार) को "रिवरडेल स्पोर्ट्स एरिना" का भव्य उद्घाटन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह एरिना विशेष रूप से शहरवासियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू उपस्थित रहे। उनके आगमन पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

इसके पश्चात साहू ने रिबन काटकर एवं गुब्बारे उड़ाकर स्पोर्ट्स एरिना का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन को और भी खास बनाते हुए मुख्य अतिथि ने स्वयं क्रिकेट खेलकर एरिना की शुरुआत की, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह और उमंग का माहौल बन गया।



अपने संबोधन में साहू ने कहा कि इस प्रकार की आधुनिक खेल सुविधाएं शहर के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि यह एरिना खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा।

नव निर्मित स्पोर्ट्स एरिना में बॉक्स क्रिकेट एवं फुटबॉल जैसी आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही इस एरिना को दिन और रात दोनों समय उपयोग के लिए विकसित किया गया है, जिसमें आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था की गई है, ताकि शहरवासी किसी भी समय खेल गतिविधियों का आनंद ले सकें। यह एरिना शहर के खेल प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन मंच के रूप में विकसित किया गया है, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महासमुंद के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना रहा। रिवरडेल स्पोर्ट्स एरिना निश्चित रूप से शहर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# चिकन पॉक्स व उल्टी दस्त के मामले की सूचना तत्काल देने के निर्देश

## स्वास्थ्य विभाग की ऑनलाइन समीक्षा बैठक में बीएमओ कुणाल नायक ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

टीकाकरण से लेकर सुशासन तिहार तक दिए गए अहम दिशा-निर्देश सुशासन तिहार के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से आज समस्त सुपरवाइजर एवं एलएचवी की ऑनलाइन बैठक बीईटीओ टीआर धृतलहरे द्वारा आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सुशासन तिहार के दौरान बिना पूर्व सूचना एवं अवकाश स्वीकृति के कोई भी अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। वहीं एमआर अभियान अंतर्गत 23 मई से 31 मई 2026 तक छूटे हुए हितग्राहियों का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने कहा गया।

एचपीवी वैक्सीन को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि वैक्सीन केवल मेडिकल ऑफिसर की उपस्थिति एवं अभिभावकों की सहमति से ही लगाया जाएगा।



साथ ही खाली पेट, बुखार, एलर्जी अथवा अस्वस्थ बच्चों को वैक्सीन नहीं लगाने तथा बाएं हाथ के डेल्टाइड मसल्स में आईएम के रूप में लगाने के निर्देश दिए गए। सभी क्षेत्रों में इसके व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया।

बैठक में चिकन पॉक्स एवं उल्टी-दस्त के मामलों की तत्काल सूचना देने, वीएचएनडी सत्र सुबह 8 बजे से प्रारंभ करने तथा सभी लाभार्थियों की यू-विन पोर्टल में शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने कहा गया। वैक्सीनेशन पूर्व ड्यू लिस्ट तैयार करने, वैक्सीन की एक्सपायरी डेट एवं बैच नंबर रजिस्टर में दर्ज करने तथा ओपन वायल पॉलिसी का पालन करने के निर्देश भी दिए गए। फील्ड भ्रमण के दौरान मितानिनों की दवा पेटी जांचने, प्रत्येक सप्ताह एक एएएम का निरीक्षण कर रिपोर्ट ब्लॉक कार्यालय में जमा करने तथा एनसीडी स्क्रीनिंग एवं रीस्क्रीनिंग की लंबित एंट्री पूर्ण कराने पर भी जोर दिया गया।

इसके अलावा एमडीआर एवं सीडीआर ऑडिट इस माह पूर्ण कराने, कुष्ठ एवं टीबी मरीजों को समय पर दवा उपलब्ध कराने तथा सीएचओ द्वारा टीबी मरीजों का प्रत्येक 15 दिन में गृह भ्रमण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी सुपरवाइजर एवं एचएचवी को अपने-अपने सेक्टर के एएएममें उपलब्ध टैबलेट एवं लैपटॉप की स्थिति तथा रिचार्ज संबंधी जानकारी इस सप्ताह उपलब्ध कराने कहा गया। संस्थागत प्रसव, जन्म-मृत्यु पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र एवं जेएसवाय फॉर्म किसी भी स्थिति में लंबित नहीं रखने के निर्देश भी दिए गए।

# निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध नहीं होने पर व्यापारियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासन द्वारा निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध नहीं होने से महासमुंद ब्लॉक के खाद व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी मुद्दे को लेकर महासमुंद ब्लॉक खाद विक्रेता संघ एवं खाद होलसेलरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें फुटकर खाद व्यापारियों ने सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए।

बैठक में तय किया गया कि जब तक शासन द्वारा निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध नहीं कराई जाती, तब तक नई खाद की खरीदी नहीं की जाएगी। साथ ही वर्तमान में उपलब्ध खाद स्टॉक का विक्रय किसानों को केवल 30 मई 2026 तक किया जाएगा। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 1 जून 2026 से खाद विक्रय पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

व्यापारियों ने यह भी निर्णय लिया कि संघ के निर्णयों का



समर्थन नहीं करने वाले होलसेल व्यापारियों से कोई भी खाद खरीदी नहीं जाएगी। उनका कहना है कि कंपनियों एवं कुछ होलसेल व्यापारियों द्वारा निर्धारित दरों का पालन नहीं किए जाने से फुटकर व्यापारियों पर लगातार आर्थिक दबाव बढ़ रहा है, जिससे व्यापार करना मुश्किल होता जा रहा है।

बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले समय में बड़ा आंदोलन किया जा सकता है। बैठक में खाद होलसेलर कृषि सेवा केंद्र रायपुर के संचालक राजीव बग्गा, पायल फर्टिलाइजर रायपुर के संचालक अशोक असरानी तथा सुहाने एग्रोटेक रायपुर के प्रतिनिधि अजित सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। महासमुंद ब्लॉक खाद विक्रेता संघ के अध्यक्ष जागेश्वर जुगनू चंद्राकर एवं सचिव ईश्वर पटेल ने सभी व्यापारियों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष का प्रथम झलप आगमन पर स्वागत



**झलप।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रवेश उपाध्यक्ष एवं महासमुंद जिला प्रभारी बसंत बाघ के प्रथम आगमन झलप में भव्य स्वागत हुआ। झलप मंडल के संगठन एवं अजा मोर्चा के बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार अभी से मेहनत करके इस बार जिले की चारों सीट भारतीय जनता पार्टी के झोली में डालेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रूप लाल पटेल, शम्मी सलूजा, चंद्रहास चंद्राकर, हनी गंभीर, निर्भय नायक, राकेश साहू, खेमराज बघेल, देवेंद्र राय, पुरुषोत्तम साहू, छबीन्द्र पटेल, सागर साहू, संतु यादव, भोजराम ध्रुव, संतोष पंडा, तुकाराम कोसरे, सतीश मारकंडे, जितेन मारकंडे, पीनेंद्र जोगी, मानसिंह माहेश्वरी, मुकेश खूंटे, भारत टंडन सहित वरिष्ठ एवं मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजयुमो शहर मंडल के अध्यक्ष नियुक्त हुए राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने राकेश सचदेव को भारतीय जनता युवा मोर्चा महासमुंद शहर मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय और संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी के निर्देशों के परिपालन में, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया की अनुमति तथा जिला प्रभारी जयंती पटेल, जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की विशेष अनुशंसा पर हुई इस नियुक्ति के साथ संगठन ने आयुष दुबे और दीपक राव को शहर मंडल युवा मोर्चा के महामंत्री नियुक्त किया है।

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, इंद्रजीत सिंह खालसा सहित वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने



आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा ही संगठन की असली शक्ति है और राकेश सचदेव के नेतृत्व में शहर के युवा संगठित होकर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलना भाजपा की लोकतांत्रिक परंपरा का प्रमाण है, जिससे युवाओं में नया जोश भरेगा। इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि नई टीम के आने से सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्रों में युवाओं का वर्चस्व बढ़ेगा और संगठन की रीति-नीति घर-घर तक पहुंचेगी।

नियुक्ति पर राकेश सचदेव ने कहा कि संगठन ने एक छोटे से कार्यकर्ता पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा से खरे उतरेंगे और युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर जनहित के मुद्दों को प्रखरता से उठाएंगे। राकेश सहित महामंत्रियों ने दायित्व मिलने का श्रेय सांसद रूपकुमारी चौधरी, जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत सिंह खालसा, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी और भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं व कर्मठ कार्यकर्ताओं को दिया है।

कार्यक्रम में शहर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, मीना वर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री अरविंद प्रहरे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडेय, भाजपा नेता हनीश बग्गा, गोविंद सिंह ठाकुर, राजू चंद्राकर, दीनू रुपरेला, शुभम बाघ, बादल मक्कड़, अभिषेक पांडेय, शरद मराठा, जितेंद्र साहू, अंकुश सिंह राजपूत, सौरभ सचदेव, डोमार तांडी, गौरव राठी, अनिमेष राव, हरेंद्र जांगड़े, गोपी कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एग्रीस्टैक पंजीयन, पीएम किसान सत्यापन एवं खरीफ तैयारी कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला पंचायत महासमुंद सभाकक्ष में गत दिवस कृषि एवं समवर्गीय विभागों के समस्त विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों तथा जिले के किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें एग्रीस्टैक पंजीयन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, खरीफ तैयारी, उर्वरक वितरण, जैविक खेती, दलहन-तिलहन विस्तार एवं पशुपालन-उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने एग्रीस्टैक पोर्टल में छूटे हुए किसानों का प्राथमिकता से पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व



अभिलेखों में आवश्यक सुधार कर हिस्सेदार कृषकों का भी पंजीयन सुनिश्चित किया जाए ताकि पात्र किसान शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु एग्रीस्टैक में पंजीयन कर पात्र किसानों का सत्यापन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उक्त कार्यों को आगामी 10 दिवस के भीतर सुशासन तिहार एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों के माध्यम से पूर्ण करने कहा गया। कलेक्टर ने खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, रागी एवं मक्का जैसी वैकल्पिक फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्थापित की जा रही रागी प्रोसेसिंग यूनिट के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा तेल प्रसंस्करण इकाई की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में खरीफ सीजन हेतु रासायनिक उर्वरकों के वितरण की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर किसानों को खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को उनकी भूमि की पात्रता से अधिक रासायनिक खाद का वितरण न किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर लंगेह ने किसानों को डीएपी के स्थान पर संतुलित उर्वरकों जैसे एनपीके एवं एसएसपी के उपयोग के लिए प्रेरित करने तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। साथ ही रासायनिक खाद के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से हरी खाद के रूप में सन, ढैंचा, मूंग, उड़द एवं नील हरित काई के उपयोग को बढ़ावा देने तथा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने कहा।

# झलप ग्रामीण विकास समिति द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

झलप ग्रामीण विकास समिति एवंग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में 5वी, 10वीं, 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रवीण मेधावी छात्र छात्राओं का मोमेंटो, पेन, किताब देकर सम्मान किया गया। प्रतिवर्ष झलप के बच्चों को यह पुरुस्कार ग्रामीण समिति के द्वारा दिया जाता है अध्यक्ष भागीरथी मारकंडे, सचिव कौशल देवांगन के मार्गदर्शन में विगत वर्षो से यह पुरुस्कार वितरण का आयोजन छात्र छात्राओं के उत्साह वर्धन के लिए किया जा रहा है। आज ग्राम पंचायत में कक्षा 5 वीं से मेधावी स्वाति पंडा पिता हेमंत पंडा 96.4%, काव्या साहू पिता सागर साहू 93.55%, युवराज सोनवानी पिता पोतदार सोनवानी 90.80%, शिवराज गुप्ता पिता मनीष गुप्ता 90% मोहमद



असद रजा ने 89% लाकर शाला एवं ग्राम का नाम रोशन किया। कक्षा 10 वीं में कुलेश्वर साहू पिता चुन्नी लाल साहू 83.6% लाकर शाला का नाम रोशन किया। कक्षा 12 वी में गरिमा सोनवानी पिता पोतदार सोनवानी ने 92%, रितिका साहू पिता चुन्नी लाल साहू 87.8%, सारिका यादव पिता पुराणिक यादव ने 85.7% प्रतिसत अंकों के साथ ग्राम का एवं शाला का नाम रोशन किया सभी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। सभा का संचालन बालकृष्ण श्रीवास्तव ने किया इस अवसर पर ग्राम के सरपंच राकेश साहू, उपसरपंच किशन कुमार कोसरिया, जनपद सभापति बलविंदर सीटू सलूजा, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, सोसाइटी अध्यक्ष सागर साहू, अतुल गुप्ता, चेतन रौतिया, साधराम ध्रुव, सागर साहू, पोतदार सोनवानी, मोनू आवडे उपस्थित थे।



## लेखापाल के साथ मारपीट के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** नगर पंचायत देवभोग में लेखापाल संदीप चंद्राकर के साथ मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम का ज्ञापन सिटी कोतवाली महासमुंद में कुर्मी समाज के पदाधिकारियों ने सौंपा। इस अवसर पर उपक्षेत्र अध्यक्ष धर्मेंद्र चंद्राकर, राम-जानकी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, सरपंच कुणाल चंद्राकर, दयालु चंद्राकर, धर्मराज चंद्राकर, हेमेंद्र चंद्राकर, कुंभज चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कुर्मी समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

16 सरकार समस्याओं के त्वरित समाधान ....



16 ठाकुरपाली में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न



## खबर संक्षेप

### दो बाइक की सीधी टक्कर, युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम पतेरापाली के पास दो बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी के खिलाफ 10 मई को केस दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 3 मार्च को दोपहर लगभग 3 से 4 बजे के मध्य ग्राम पतेरापाली के पास एनएच 353 रोड मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीए 1052 के चालक ने अपने मोटर सायकल को गलत दिशा से तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए खेमूराम ध्रुव पिता घनश्याम ध्रुव (19 वर्ष) निवासी पतेरापाली के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मार दिया, जिससे उसके सिर में चोटे आई। उसकी मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गई। खेमूराम को ईलाज के लिए एंबुलेंस से निजी अस्पताल बागबाहरा ले जाया गया, जहां से रेफर करने पर निजी अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया था, जहां 10 मार्च को उसने दम तोड़ दिया।

### खाद-बीज की किल्लत किसान यूनियन ने की आवाज बुलंद

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने खाद, बीज उपलब्ध कराने सहित तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा है।
सोमवार को किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष घनाराम साहू, सुदर्शन सिंह ठाकुर, रामनिहोरा निषाद, हनुमान सिन्हा सहित अनेक किसानों ने ज्ञापन सौंपकर कहा है कि किसानों ने खरीफ फसल की तैयारी शुरू कर दी है। सोसाइटियों में पर्याप्त खाद बीज की व्यवस्था नहीं है। खुले बाजार में महंगे दाम पर खाद बीज खरीदने को मजबूर हैं। नकली खाद-बीज बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहा है। नकली खाद बीज पर तत्काल कार्रवाई तथा सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।

## पुरातात्विक नगरी सिरपुर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन

# सोमनाथ मंदिर हमारे वैभव और संस्कृति की अमूल्य धरोहर : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व ''अटूट आस्था के 1000 वर्ष'' के अंतर्गत प्रातः 09 बजे पुरातात्विक एवं धार्मिक नगरी गंधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आयोजन का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया तथा भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भगवान गंधेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि की कामना की गई।

- धर्म की रक्षा हम करेंगे तो धर्म हमारा रक्षा करेगा
- आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बनेगा

कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, दाऊलाल चंद्राकर, सरपंच पुष्पा माली, कलेक्टर विनय लंगेह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आत्मगौरव और अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हजार वर्षों के संघर्ष और अनेक आक्रमणों के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज भी अडिग खड़ा है, जो भारतीय सभ्यता की अमर चेतना और सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ पहला ज्योतिर्लिंग है। आक्रांताओं द्वारा सन 1026 में बार-बार आक्रमण किया। लेकिन हर बार माता रानी अहिल्या बाई होलकर ने इसके वैभव को बरकरार रखा।

उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा हम करेंगे तो धर्म हमारा रक्षा करेगा। सोमनाथ बहुत बड़ा पर्यटन का केंद्र था, माता अहिल्या बाई होलकर ने बार-बार जीर्णोद्धार किया और उसके वैभव को बरकार रहा। अंत में धर्म और सत्य की जीत हुई। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना और गौरव का महापर्व है।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमें हमारे इतिहास, त्याग और सभ्यतागत मूल्यों की याद दिलाता है तथा आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति पर जिसने भी हमला किया उसे हमारे धर्म और संस्कृति ने ही बचाया। इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। हमें अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में सोमनाथ से सीधा प्रसारण कार्यक्रम देखा गया। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।




### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, प्रशांत श्रीवास्तव, अरविंद प्रहरे, राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, जनपद सीईओ बी.एस. मंडावी, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, सहित जनप्रतिनिध गण, श्रद्धालु और आम नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# खेत में घेरा लगाने की बात को लेकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम डोंगरीपाली में खेत में घेरा लगाने की बात को लेकर वाद विवाद मारपीट और गाली गलौच तक जा पहुंचा, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

ग्राम डोंगरीपाली के निवासी श्रीराम सिदार ने अपने घर के पास लगे खेत में रबी फसल धान लगाया है, तथा इस लगे फसल को मवेशी वगैरह आकर खा देते हैं इसलिए उन्होंने 10 मई को सुबह 11:00 बजे अपने खेत जिसमें धान का रबी फसल लगा है, उस फसल को बचाने के लिए खेत में घेरा लगा रहे थे। जहां घेरा लगाते समय गांव का तरूण सिदार आकर उनके साथ घेरा लगाने की बात को लेकर वाद विवाद किया और गाली गलौज करने लगा। इसपर श्रीराम सिदार ने गाली देने से मना किया, तथा उसी समय उनके खेत में जानवर आने से वे जानवरों को मेरे खेत से खदेड़ते हुए भगा रहे थे तो तरूण सिदार अपने रिश्ते के भाई सुकलाल सिदार को लेकर आया और दोनों श्रीराम सिदार के साथ गाली गलौज करते हुए आज तुझे जान से मार देंगे कहते हुए तरूण सिदार ने हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा तथा सुकलाल सिदार अपने हाथ में रखे डंडा से मारपीट किया।

श्रीराम सिदार ने बताया कि दोनों ने धक्का मुक्की किया जिससे उनके बाएं छाती में भी दर्द हो रहा है. घटना को गांव के कुछ लोग देखे हैं, तरूण सिदार एवं सुकलाल सिदार के इस कृत्य से श्रीराम सिदार बहुत डरा हुआ है। वहीं मामले की शिकायत पर तरूण सिदार और सुकलाल सिदार के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) का अपराध दर्ज किया गया है।

## बहन व जीजा को चचेरे भाइयों ने पीटा

**महासमुंद।** पटेवा थाने में एक महिला ने अपने चचेरे भाइयों के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में शिकायत दर्ज करायी है। महिला का आरोप है कि उसके पति के साथ भी मारपीट की गई है। ग्राम सिनोधा हाल हाउसिंग बोर्ड रमनटोला महासमुंद निवासी जाहिना बेगम पति छबिराम दीवान (31 वर्ष) ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि उसका विवाह वर्ष 2024 में महासमुंद निवासी छबिराम दीवान के साथ हुआ है। 10 मई को जाहिना बेगम अपने पति छबिराम दीवान के साथ जमीन संबंधी बात करने अपने घर ग्राम सिनोधा गयी थी। रात करीबन 10 बजे जाहिना बेगम ने अपनी बड़ी दीदी ताहिरा से घर की चाबी मांगी तो पास में उपस्थित जाहिना के चचेरे भाई नब्बू, जंगु व हबीब ने एकराय होकर अश्लील गालियां देकर जाहिना और उसके पति के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आई है। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नब्बू, जंगु और हबीब के खिलाफ बीएनएस धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध कायम किया है।



## खबर संक्षेप

### चंचल ने 95 प्रतिशत के साथ किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय नयापारा महासमुंद की छात्रा चंचल साहू ने कक्षा 10वीं में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर पिता धनेश कुमार साहू, माता चंद्रकला साहू व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिस पर माता-पिता व विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर्ष व्यक्त किया है।

### 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 3 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सोनापुटी के मृतक नीलू सिंग दीवान की पत्नी देवंतीन बाई दीवान के लिए, बिजली गिरने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम रिमजी के मृतक नरोत्तम पटेल की पत्नी संजू पटेल एवं सांप के काटने से मृत्यु होने पर बसना विकासखंड के मृतक ईश्वर साहू की पत्नी रामबाई के लिए चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### तुलाराम सोरी बने ध्रुव गोंड समाज 52गढ़ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष



**अरंड (पिथौरा)।** बूढ़ा देव देवालय घुंचापाली में जिला आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52गढ़ का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बूढ़ा देव की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद समाज के कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का पाठन किया गया तथा नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया संपन्न हुई। सम्मेलन में सर्वसम्मति से तुलाराम सोरी को ध्रुव गोंड समाज 52गढ़ जिला महासमुंद का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति के पश्चात तुलाराम सोरी ने समस्त ध्रुव गोंड समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

नियुक्ति पर पूर्व जिलाध्यक्ष मनराखन ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, मोहित ध्रुव, राजकुमार ध्रुव, घासीराम ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, जयलाल ध्रुव, मदन ध्रुव, नरेश ध्रुव, कपिल ध्रुव, भागीरथी ध्रुव, सिरामन ध्रुव, कृष्ण ध्रुव, अनूप ध्रुव, चंद्रशेखर ध्रुव, अजय ध्रुव, यादराम ध्रुव, राजकुमार नेताम, चैन सिंह ध्रुव, महेश ध्रुव, केवल ध्रुव, रजऊ ध्रुव, बेदराम ध्रुव, अशोक ध्रुव, रामकुमार ध्रुव, पवन ध्रुव सहित समाज के अन्य प्रमुख लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती



**बागबाहरा।** क्षत्रिय कुल के गौरव, वीर शिरोमणि एवं महान योद्धा महाराजा महाराणा प्रताप की जयंती राजपूत-क्षत्रिय समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, साथ ही सामाजिक बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाज के प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष देवी सिंह ठाकुर सचिव भूपेंद्र सिंह ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, भक्त राम मांझी, किशोर ठाकुर, रवि राज ठाकुर, शैलेंद्र सिंह राजपूत, महावीर ठाकुर मदन राजपूत, संजय राजपूत, दिलीप राजपूत, भगवान सिंह बाबा, कीर्तन राजपूत, करण सिंह राजपूत, गजेंद्र राजपूत, उमेश्वर राजपूत, विनायक सिंह ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, हितेश सिंह, विहान सिंह राजपूत, वेदप्रकाश राजपूत तथा समाज के सामाजिक बंधुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।





# शिकायत के 48 घंटे भीतर पुलिया की मरम्मत

## जनहित में सभापति सिन्हा की पहल रंग लाई, टूटी पुलिया की हुई अस्थायी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम अंकोरी से अंकोरी टांडा एवं बिरसिंगपाली को जोड़ने वाले मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया एवं जर्जर सड़क को लेकर उठाई गई आवाज का असर अब दिखाई देने लगा है। जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं अंकोरी क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा द्वारा मामले को प्रमुखता से उठाए जाने एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद खबर प्रकाशन के मात्र 48 घंटे के भीतर पुलिया की अस्थायी मरम्मत करा दी गई। उन्होनें ग्रामीणों से



अंकोरी टांडा-बिरसिंगपाली मार्ग जर्जर, टूटी पुलिया को लेकर प्रकाश ने सौंपा ज्ञापन

आने-जाने वालों को हो रही परेशानी, दुर्घटना की भी आशंका

चर्चा के दौरान दुर्घटना की आशंका एवं आवागमन में हो रही भारी परेशानी की जानकारी मिलने पर उन्होंने तत्काल जिला कलेक्टर महासमुंद एवं संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित करते हुए मरम्मत, जांच एवं स्थायी समाधान की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त पुलिया की अस्थायी मरम्मत कर आवागमन सुचारु कराया गया। त्वरित कार्रवाई पर सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा कि प्रशासन द्वारा जनहित के मुद्दों पर शीघ्र संज्ञान लेने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही स्थायी समाधान के रूप में नई पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत होगा, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

## सुशासन तिहार: महासमुंद ब्लॉक के ग्राम पंचायत अछोला में समाधान शिविर का आयोजन

# सरकार समस्याओं के त्वरित समाधान व जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अछोला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद रहे।

विधायक सिन्हा ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर हितग्राहियों से संवाद किया व समस्याओं को सुना एवं अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ निराकरण किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं सरलता के साथ पहुंचे।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ही लोगों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करना है।

विधायक सिन्हा ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें तथा अपनी समस्याओं, मांगों और आवश्यकताओं को निःसंकोच प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि उनका शीघ्र निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर शासन, प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम बन गया है, जहां सभी विभाग एक साथ मिलकर लोगों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। विधायक सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य अब तेजी से धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। सरकार द्वारा किए गए बजटीय प्रावधानों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। सिकासेर-कोडार परियोजना का कार्य भी प्रगति पर है, जिससे आने वाले समय में किसानों एवं ग्रामीणों को सिंचाई एवं अन्य सुविधाओं का व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, किसान, मजदूर एवं आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन तिहार शासन तहत आयोजित समाधान शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को सीधे लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी भावना के साथ प्रशासनिक अमला पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। चंद्राकर ने अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं के निराकरण में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएं, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखें तथा सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्टर लंगेह ने शासन की मंशानुरूप सभी विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता, संवेदनशीलता एवं समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर राहुल चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, आनंद साहू, रमेश साहू, अरविंद प्रहरे, राजू चंद्राकर, एसडीएम अक्षा गुप्ता, तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, जनपद सीईओ बीएस मंडावी, सरंपचगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं 16 ग्रामों के नागरिकगण बड़ी संख्या में मौजूद थे। साथ ही शिविर में मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।



### अछोला में 2 साल के अरनव को मिली डिजिटल पहचान

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन के संकल्प को धरातल पर उतार रही है। जहाँ एक ओर विकास की नई इबारत लिखी जा रही है, वहीं दूसरी ओर सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर आम जनता के लिए खुशियों का जरिया बन रहे हैं। इसी कड़ी में महासमुंद विकासखंड के ग्राम अछोला में आयोजित शिविर से एक बेहद सुखद तस्वीर सामने आई है। अछोला निवासी देवव्रत गोलदार और उनकी पत्नी गायत्री गोलदार अपने 2 साल के मासूम बेटे अरनव के साथ पहुंचे थे। माता-पिता की इच्छा थी कि उनके लाडले की अपनी एक डिजिटल पहचान हो। उन्होंने समाधान शिविर में इसके लिए आवेदन किया और इसके तुरंत बाद ही पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई और नन्हे अरनव को उसकी नई डिजिटल पहचान मिल गई। अपने बच्चे का पहचान पत्र इतनी सहजता और शीघ्रता से बनते देख माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। भावुक और प्रसन्न मन से देवव्रत और गायत्री ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि यह शिविर वास्तव में समाधान का सच्चा केंद्र साबित हो रहा है।

### खल्लारी स्कूल में चोरी

**खल्लारी।** दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चोरी की घटना सामने आई है। स्कूल की छुट्टी होने के चलते अज्ञात चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। जिसकी लिखित शिकायत विद्यालय के संस्था प्रमुख की ओर से खल्लारी थाना में की गई है। बता दें कि उक्त घटना शनिवार 9 या फिर रविवार 10 मई की है। हालांकि विद्यालयों में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात बच्चों की छुट्टी चल रही है। फिर भी विद्यालय के स्टाफ शासकीय कार्यों को लेकर स्कूल आ रहे हैं। इस बीच रविवार की छुट्टी के कारण जब स्कूल स्टाफ सोमवार को स्कूल पहुंचा, तब पता चला की विद्यालय में एक जगह के चैनल गेट व दरवाजा को क्षतिग्रस्त कर डिजिटल क्लास रूम में लगे 32 इंच के टीवी की चोरी कर ली गई है। जिसकी किमत 10 से 14 हजार के आसपास आंकी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार इससे पहले भी कई बार अज्ञात आरोपी इसी विद्यालय से स्कूल के आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक सामग्री को भी चोरी कर ले जा चुके हैं। साथ ही विगत कुछ वर्षों पहले भी भवन में लगे खिड़कियों व प्लास्टिक पानी टंकी व पाइप आदि चीजों को भी नुकसान पहुंचाया जा चुका है। जनप्रतिनिधियों ने अज्ञात आरोपियों व शरारती तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### दुलीकेशन की गिरफ्तारी में देरी पर आंदोलन की चेतावनी

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने भाजपा नेता दुलीकेशन साहू की गिरफ्तारी में हो रही देरी पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत टेका, सुंदरगढ़ निवासी मनबोध कोडाकू और उनके परिवार के साथ जातिसूचक गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि आरोपी दुलीकेशन साहू द्वारा पीड़ित परिवार पर लगातार समझौते का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे पूरा परिवार भय और मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं की गई तो आम आदमी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ मिलकर पिथौरा थाना का घेराव करेगी। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि दुलीकेशन साहू भाजपा के प्रभावशाली नेता हैं और पूर्व सांसद का प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। वहीं उनकी पत्नी किरण साहू वर्तमान में सरपंच हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि राजनीतिक प्रभाव के चलते पुलिस कार्रवाई में ढिलाई बरती जा रही है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष गोपालदास वैष्णव, विधानसभा प्रभारी भुनेश्वर साहू, पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष एमडी सागर, माधव सोना, महेश कर्ष, जयप्रकाश मिश्रा एवं हेमसागर प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# चारागाह भूमि में अतिक्रमण, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान/नर्रा

ग्राम कुसमी में चारागाह की शासकीय जमीन पूरी तरह से अतिक्रमण कारियों के कब्जे में है। यहां के कई लोगों ने अवैध रुप से जमीन कब्जा कर घर, मकान ब्यारा व बाड़ी का निर्माण कर लिया है। परिणाम स्वरुप चारागाह की समस्या उत्पन्न हो गई है। डेढ़-दो वर्षों से ग्रामीण अतिक्रमण हटाने शासन-प्रशासन को अर्जी देकर गुहार लगा रहे हैं पर कार्रवाई नहीं हो रही है। जिसमें कुसमीवासियों में आक्रोश पनपने लगा है। वहीं, इस दिशा में ग्रामीण एक जुट होकर पखवाड़े भर बाद अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर चौखड़ी चौक में चक्काजाम आंदोलन करने का मन बना लिया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ग्राम के लोग चारागाह की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं, चारागाह की शासकीय जमीन पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा होने व इन पर कार्रवाई करने संबंधी मांगों को लेकर कई आवेदन लगा चुके हैं। परंतु, अतिक्रमणकारियों के खिलाफ न कोई कार्रवाई हो रही है और न सुनवाई हो रही है। जिससे ग्रामीणों का गुस्सा चक्काजाम आंदोलन करने के विवश हो रहा है।

इस संबंध में ग्राम पटेल भूपत दीवान, बाला राम पटेल, ताराचंद पटेल, फिंगेश्वर साहू, भुनूराम पटेल, धनेश्वर पटेल, नरसिंह पटेल, गौतम पटेल, गौर सिंह पटेल ऐसे दर्जनों ग्रामवासियों ने बताया कि अतिक्रमणकारियों के कब्जे से चारागाह की जमीन मुक्त कराने संबंध कई आवेदन ज्ञापन शासन-प्रशासन को सौंप चुके है। पर इस समस्या का निदान नहीं हो रहा है। इन ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कलेक्टर कार्यालय के अलावा कलेक्टर के जनदर्शन व अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद व बागबाहरा, तहसीलदार बागबाहरा तथा कोमाखान को दिया गया है। पर आज तक यह बेनतीजा है। ग्रामवासियों ने आगे बताया कि जनदर्शन में 4 बार, एसडीएम कार्यालय बागबाहरा में 3-4 बार इसके अलावा तहसीलदार कोमाखान को भी 3-4 बार आवेदन प्रस्तुत कर गुहार लगाई गई है। इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा भी 3 बार कार्रवाई हेतु आवेदन दिया गया है। पर कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद है। ग्राम कुसमी के उक्त ग्रामीणों ने स्पष्ट रुप से चेतावनी देते हुए कहा है कि आगामी 15 दिनों के भीतर शासन-प्रशासन यदि अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो कुसमी के पूरे ग्रामवासी चौखड़ी चौक में आकर चक्का जाम आंदोलन करेंगे।

# ठाकुरपाली में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ के महिला मंडल द्वारा ठाकुरपाली (बसना) में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात संध्या में विराट दीप महायज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से परिवार निर्माण विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि गृहस्थ आश्रम सभी आश्रमों में श्रेष्ठ एवं उनका आधार है। गुरुजी ने परिवार को तपोवन की संज्ञा दी है, इसलिए परिवार में प्रेम, सहकार और सहयोग की भावना होना आवश्यक है। प्रेम एवं सहयोग से परिपूर्ण परिवार ही धरती का स्वर्ग है। कार्यक्रम में बच्चों को संस्कारी बनाने, भोजन को शुद्ध एवं पवित्र रखने तथा अन्न घट स्थापना एवं बलिवैश्य यज्ञ नियमित रूप से करने का संदेश दिया गया। साथ ही दीप यज्ञ के माध्यम से दीपक की भांति ज्ञान का प्रकाश फैलाने का आह्वान किया गया। द्वितीय दिवस प्रातः देव आवाहन के साथ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इस दौरान तीन पुंसवन संस्कार एवं एक गुरु दीक्षा संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। यज्ञ के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने, व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण के सूत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



यज्ञ कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल महासमुंद की निशा चंद्राकर, मनोरमा साहू, कनेश्वरी, प्रेमलता साहू, धनीराम एवं अनिल उइके की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरायपाली से कन्हैया पटेल एवं ज्योति ठेठवार, बसना से देवचंद्र नायक, जयदेव प्रधान, उपेंद्र साहू, बसंत साहू, पृथ्वीराज साहू, लोकनाथ, परशुराम घांसीराम, हरिवंधु सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपेंद्र, परीक्षित, महेश, नरेंद्र, विपिन, अरविंद बरिहा, अशोक, धर्मेंद्र, विकास एवं अन्य परिजनों का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी भारत साहू, जिला युवा प्रकोष्ठ ने दी




